भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2345 का उत्तर

ठाणे-मुलुंड के बीच रेलवे स्टेशन का निर्माण

2345. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मानसिक अस्पताल के स्थान के पास ठाणे-मुलुंड के बीच नए रेलवे स्टेशन के निर्माण की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ठाणे नगर निगम ने रेलवे को सभी प्रस्ताव सौंप दिए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) नवीनतम तकनीक से निर्मित किए जाने वाले प्रस्तावित कोपरी रेलवे पुल के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

ठाणे-मुलुंड के बीच रेलवे स्टेशन का निर्माण के संबंध में दिनांक 21.12.2022 को लोक सभा में श्री राजन बाबूराव विचारे के अतारांकित प्रश्न संख्या 2345 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): ठाणे और मुलुंड के बीच प्रस्तावित नया रेलवे स्टेशन एक निक्षेप कार्य है और इसके अनुमान को ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अनुमोदन हेतु भेज दिया गया है। अनुमानों के अनुमोदन के पश्चात, आगे बढ़ने के लिए निक्षेप लागत सहित आवश्यक भूमि रेलवे को अंतरित की जानी है।

(घ) और (ङ): कोपारी रोड उपरि पुल के चरण-I का कार्य पूरा हो चुका है। चरण-2 के कार्य के लिए गर्डर लॉन्च किए गए हैं।

****